WORLD'S LARGEST LESSON

# THE GLOBAL GOALS

“हमारे पास सिर्फ एक ही ग्रह है। हमारे पास जाने के लिए कोई दूसरी जगह नहीं है। यदि हम अपनी रचनात्मक शक्तियों का उचित उपयोग करें तो हमें दूसरी जगह की आवश्यकता नहीं है। यदि हम इसकी और एक दूसरे की देखभाल करें तो जो कुछ हमें चाहिए वह सब यहीं है।“

**Sir Ken Robinson**
Author/Educator

# सतत विकास के लिए वै श्वक लक थों का परचिय

## विषय

इसे सम्मेलन, शिक्षण समय या कक्षा गतिविधि के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है।

## शिक्षा का परिणाम

विद्यार्थी इसकी व्याख्या कर सकते हैं कि सतत विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य क्या हैं और वे महत्वपूर्ण क्यों हैं।

ए www.globalgoals.org प जऐ
लक य क ब म अकि पठ यजनओ उनक
वियि औ उनम कस मिल ह यह जनन के

## तैयारी

यदि संभव हो तो परिशि ट 2 या 3 का उपयोग करके वै श्वक लद्र्यों को प्रिंट करके उन्हें कमरे के सामने या स्क्रीन पर प्रदर्शित करें। छाीों के सुझावों को लिखने के लिए एक बोर्ड तैयार करें। अंतिम कॉमिक्स गतिविधि के लिए कागज के छोटे वर्ग प्रिंट करें या बनाएँ।

30
मिनट

आयु सीमा
8-14
वर्ष

## और अधिक जानकारी पीप्त करें

वै श्वक लद्र्यों के बारे में अधिक जानकारी के लिए www.globalgoals.org/worldslargestlesson पर जाएँ

"दुनिया का सबसे बड़ा पाठ," "वहनीय विकास के लिए संयुक्त राष्ट्र विश्वव्यापी लक्ष्य" की घोषणा का समर्थन करने के लिए, एक सहयोगपूर्ण शिक्षा परियोजना है। यह परियोजना विश्वव्यापी लक्ष्य 17 "लक्ष्यों के लिए भागीदारियाँ" के महत्व का जीता-जागता सबूत है और यह हमारे साथ और आपस में काम कर रहे हमारे सभी भागीदारों की मदद के बिना संभव नहीं होता।

हमारी "संस्थापक टीम" का धन्यवाद:

द्वारा संचालित:

द्वारा वितरित:

द्वारा अनुवाद किया गया:

और दुनिया भर के उन लोगों का विशेष धन्यवाद जिन्होंने हमारे साथ काम किया:

पाठ योजनाएँ Think Global के साथ मिलकर बनायी गयीं www.think-global.org.uk. एक न्यायपूर्ण और वहनीय दुनिया के लिए शिक्षा को प्रोत्साहन देना

THE GLOBAL GOALS
टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य

WORLD'S LARGEST LESSON

# सतत विकास के लिए वैश्विक लक्ष्यों का परिचय

## परिचय

10 मिनट

जब छात्र कमरे में प्रवेश करें तो वहां यह प्रश्न प्रदर्शित किया हुआ हो – 'वे कौनसी सबसे बड़ी समस्याऐं हैं जिनका सामना हमारे समुदाय / देश / दुनिया भर के लोग कर रहे हैं?" (उपयुक्त अनुकूलन करें)

बच्चों को दूसरों के दृष्टिकोण से सोचने के लिए प्रोत्साहित करें उदाहरण के लिए, आप कह सकते हैं कि "हम चाहते कि आप इस तरह सोचें जैसे कि आप अध्यक्ष हैं!"

जोड़ों में, छात्र अपने समुदाय, अपने देश या दुनिया के सामने सबसे बड़ी समस्याओं में से कुछ को जानने का प्रयास करेंगे। समूह से कुछ सुझाव लें। इन्हें सामने एक बोर्ड पर लिखा जा सकता है।

यदि आवश्यक हो तो शीघ्र सहायता के लिए परिशिष्ट 1 का प्रयोग करें।

## वैश्विक लक्ष्य

5 मिनट

छात्रों को वैश्विक लक्ष्य दिखाएँ, और उन लक्ष्यों की ओर इशारा करें जो उनके द्वारा पहचान की गई समस्याओं से संबंधित हैं। उनकी समस्याओं की सूची की तुलना सामने प्रदर्शित वैश्विक लक्ष्यों के साथ करें।

एक सभा के लिए, आप 17 छात्रों को सामने उनकी पीठ कमरे की ओर करके खड़ा कर सकते हैं। प्रत्येक छात्र अपने हाथ में एक वैश्विक लक्ष्य लिखी हुई कागज की एक शीट पकड़े है। जब कोई उनके लक्ष्य के साथ संबंधित किसी समस्या का सुझाव देता है, तो वे मुड़ जाते हैं।.

## वैश्विक लक्ष्यों को समझें

10 मिनट

छात्र एक बड़े पर्दे, कंप्यूटर स्क्रीन पर सर केन रॉबिन्सन का एनीमेशन देखते हैं या एक साथ समूह बनाकर इसे मोबाइल फोन पर देखते हैं www.globalgoals.org/worldslargestlesson. छात्र www.globalgoals.org/worldslargestlesson, पर मोबाइल फोन या टेबलेट पर प्रत्येक फ्रेम को स्क्रॉल करके कॉमिक बुक **भी पढ़ सकते हैं।**

## गतिविधि

5 मिनट

**छात्रों से स्वंय के लिए वाक्य को पूरा करने के लिए कहें**

"वैश्विक लक्ष्य मेरे लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि…" छात्रों द्वारा एक अखबार का शीर्षक बनाने के लिए या @TheGlobalGoals

#largestlesson पर ट्वीट करने के लिए शब्दों की संख्या को सीमित कर दें।

## ऐच्छिक अतिरिक्त या वैकल्पिक अंत

लगभग 12 सेमी x 12 सेमी के कागज पर वर्ग बनाऐं या प्रिंट करें। प्रत्येक छात्र को कागज का एक खाली वर्ग दीजिए और उस पर उन्हें स्वंय को अपनी महाशक्ति का उपयोग करते हुए दिखाते हुए एक कॉमिक फ्रेम चित्र बनाने के लिए कहें। उन्हें संवाद बुलबुले में उनके विचार जोड़ने के लिए कहें कि वे वैश्विक लक्ष्यों में किस प्रकार सहायता कर सकते हैं। वर्गों को एकत्र करें और स्कूल में प्रदर्शित करें, फेसबुक पर The Global Goals पर शेयर करें, या ऊपर बताए अनुसार ट्वीट करें।

**परियोजनाओं के लिए अनुसरण करें:** www.dfcworld.com पर जाऐं और बच्चों द्वारा लाए गए बदलाव की कहानियों को शेयर करें। FIDS मॉडल का उपयोग करके अपने समुदाय में परिवर्तन लाने के लिए अपने समूह की परियोजना शुरू करें और फिर अपनी सफलता www.dfcworld.com पर साझा करें।

परिशिष्ट 1

# आजकल लोगों के सामने पेश आ रही समस्याऐं

## (यदि आवश्यक हो तो शीघ्र उपयोग किया गया)

- गरीबी
- देशों के बीच असमानता
- भूख
- खराब स्वास्थ्य और रोग
- गंदा पानी
- स्वच्छता का अभाव
- खराब शिक्षा – कुछ बच्चे स्कूल नहीं जा पाते हैं
- कम वेतन वाली एवं अपर्याप्त नौकरियां
- कम आर्थिक वृद्धि– देश अपने लोगों की आवश्यकताओं की सभी चीजों का भुगतान करने के लिए पर्याप्त नहीं कमाते हैं
- लैंगिक असमानता - पुरुषों और महिलाओं के साथ अलग अलग तरह से व्यवहार किया जाता है और उन्हें समान अवसर नहीं दिए जाते हैं
- युद्ध, लड़ाई और अस्थिरता
- लोग सुरक्षित महसूस नहीं करते
- लोगों के बीच हिंसा
- भ्रष्टाचार और अन्याय
- मानव अधिकारों के लिए कोई सम्मान नहीं
- देश कभी मिलकर काम नहीं करते हैं या किसी भी चीज़ पर सहमत नहीं होते हैं
- हर किसी को आराम से रहने के लिए पर्याप्त ऊर्जा नहीं
- कमज़ोर बुनियादी ढांचा, खराब प्रौद्योगिकी और संचार
- असुरक्षित शहर और कस्बे
- अरक्षणीय शहर जो विश्व के उत्पादन की तुलना में अधिक का उपभोग करते हैं
- संसाधनों की बहुत अधिक बर्बादी होती है और पर्याप्त पुनर्चक्रण नहीं होता है
- जलवायु परिवर्तन
- प्रदूषित समुद्र और महासागर
- क्षतिग्रस्त आवास
- हमारी प्रौद्योगिकी मोबाइल फोन और कम्प्यूटरों के लिए पहुँच सीमित है
- लोगों ठीक से संरक्षित महसूस नहीं करते
- जनसंख्या वृद्धि

- मोटापा
- नस्लवाद
- समुदायों का टूटना

Appendix 2


THE GLOBAL GOALS
टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य
1 गरीबी नहीं
2 भूख नहीं
3 उत्तम स्वास्थ्य
4 स्तरीय शिक्षा
5 लैंगिक समानता
6 स्वच्छ पानी और साफ-सफाई
7 अक्षय ऊर्जा
8 अच्छी नौकरियां और आर्थिक वृद्धि
9 नवोन्मेष और बुनियादी ढांचा
10 घटी हुई असमानताएं
11 टिकाऊ शहर और समुदाय
12 जिम्मेदार उपभोग
13 जलवायु कार्रवाई
14 पानी के नीचे जीवन
15 धरती पर जीवन
16 शांति और न्याय
17 लक्ष्यों के लिए भागीदारियां
THE GLOBAL GOALS
टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य

Appendix 3

# THE GLOBAL GOALS

## टिकाऊ विकास के लिए वैश्विक लक्ष्य

